TEACHERS OF BIHAR

दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें



teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

07 मार्च 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

आज का सुविचार

आशा उत्साह की जननी है।

प्रेमचंद

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

दिवस ज्ञान

07 मार्च

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, शुक्रवार 07 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

आज का विचार

जीवन में कभी भी अपने आप को किसी से हीन या श्रेष्ठ भी न समझें, क्योंकि श्रेष्ठता अहंकार पैदा करती है और हीनता आत्मविश्वास को कम कर देती है ।

आज के दिन

1876– अलेक्जेंडर ग्राहम बेल को टेलीफोन का पेटेंट मिला,

1939– दयाराम साहनी – भारत के प्रसिद्ध पुरातत्त्ववेत्ता थे।

1961– गोविंद बल्लभ पंत, उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी।

1. **अज्ञेय का जन्म**– हिन्दी के जाने माने लेखक सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' का जन्म 7 मार्च, 1911 ई. को उत्तर प्रदेश में हुआ था। इनका बचपन अपने विद्वान पिता के साथ कश्मीर, बिहार और मद्रास में पुरातत्वावशेषों के बीच गुजरा था। इस कारण 'अज्ञेय' एकांत के सहज अभ्यासी हो गये थे। एम0 ए0 की पढ़ाई करने के समय क्रांतिकारी षड्यंत्रों में भाग लेने के कारण गिरफ्तार कर लिये गये और 1930–34ई. तक जेल में रहने के बाद दो वर्ष घर पर नज़रबंदी में बिताना पड़ा। कुछ वर्ष आका'ावाणी में रहे और सन् 1943–46 तक सेना में भी काम किया। प्रयोगवादी काव्यान्दोलन का प्रर्वतन 'तार सप्तक' के द्वारा 'अज्ञेय' ने किया। कवि, कथाकार, निबंधकार, समीक्षक, घुमक्कड़, नाटककार, पत्रकार, चित्रकार, मृतिकाशिल्प, चर्मशिल्प, बढ़ईगिरी तथा फोटोग्राफर के रूप में अज्ञेय बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न व्यक्ति थे। अज्ञेय की काव्य रचनायें आँगन के पार द्वार, कितनी नावों में कितनी बार, सुनहरे शैवाल आदी प्रमुख हैं।
   - संदर्भः कक्षा 10 की हिन्दी की पाठ्यपुस्तक साहित्य भारती भाग–2 कतकी पूनो पाठ से जोड़कर चर्चा करें।
2. **जन औषधि दिवस**– प्रधानमंत्री की पहल पर 7 मार्च को हर साल "जन औषधि दिवस" के रूप में मनाया जाता है ताकि इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा दिया जा सके। सभी को किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयाँ उपलब्ध कराने के लिए, नवंबर 2008 में भारत सरकार के रसायन और उर्वरक मंत्रालय के फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) शुरू की गई थी।



Teachers of Bihar
The change makers

दिवस विशेष

7 मार्च

मधु प्रिया

अज्ञेय का जन्म 7 मार्च

सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन "अज्ञेय" का जन्म 7 मार्च,1911 को हुआ था। कवि, कथाकार, ललित-निबन्धकार, सम्पादक और सफल अध्यापक थे। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के कुशीनगर में हुआ। बचपन लखनऊ, कश्मीर, बिहारऔर मद्रास में बीता। प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा पिता की देख रेख में घर पर ही संस्कृत, फारसी, अंग्रेजी और बांग्ला भाषा व साहित्य के अध्ययन के साथ हुई। बी.एस.सी. करके अंग्रेजी में एम.ए. करते समय क्रांतिकारी आन्दोलन से जुड़ गये। 1930 से 1936 तक विभिन्न जेलों में कटे। पत्र, पत्रिकायों से भी जुड़े रहे । 1964 में आँगन के पार द्वार पर उन्हें साहित्य अकादमी का और 1978 में कितनी नावों में कितनी बार पर भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला। इनकी प्रमुख कृतियां हैं; कविता संग्रह: भग्नदूत 1933, चिन्ता 1942, इत्यलम् 1946, हरी घास पर क्षण भर 1949, बावरा अहेरी 1954, इन्द्रधनु रौंदे हुये ये 1957, अरी ओ करुणा प्रभामय 1959, आँगन के पार द्वार 1961, कितनी नावों में कितनी बार (1967), क्योंकि मैं उसे जानता हूँ (1970), सागर मुद्रा (1970), पहले मैं सन्नाटा बुनता हूँ (1974), महावृक्ष के नीचे (1977), नदी की बाँक पर छाया (1981), ऐसा कोई घर आपने देखा है (1986), प्रिज़न डेज़ एण्ड अदर पोयम्स (अंग्रेजी में,1946)। कहानियाँ: विपथगा 1937, परम्परा 1944, कोठरीकी बात 1945, शरणार्थी 1948, जयदोल 1951; चुनी हुई रचनाओं के संग्रह: पूर्वा (1965), सुनहरे शैवाल (1965), अज्ञेय काव्य स्तबक (1995), सन्नाटे का छन्द, मरुथल; संपादित संग्रह: तार सप्तक, दूसरा सप्तक, तीसरा सप्तक, पुष्करिणी (1953) । आपने उपन्यास, यात्रा वृतान्त, निबंध संग्रह, आलोचना, संस्मरण, डायरियां, विचार गद्य: और नाटक भी लिखे। इनका निधन 4 अप्रैल 1987 को हुआ।

पुण्यतिथि विशेष 07 मार्च

महान स्वतंत्रता सेनानी और
उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, भारत रत्न
गोविंद बल्लभ पंत जी
की पुण्यतिथि पर विनम्र अभिवादन

गोविंद बल्लभ पंत *Govind Ballabh Pant,* जन्म:10 सितम्बर 1887; मृत्यु: 7 मार्च, 1961) उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी थे। इनका मुख्यमंत्री कार्यकाल 15 अगस्त, 1947 से 27 मई, 1954 तक रहा। बाद में ये भारत के गृहमंत्री भी (1955 -1961) बने। भारतीय संविधान में हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने और जमींदारी प्रथा को खत्म कराने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। भारत रत्न का सम्मान उनके ही गृहमन्त्रित्व काल में आरम्भ किया गया था।

विज्ञान कॉर्नर

विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

तत्व (Element)

सीजियम (Caesium)

संकेत (Symbol) -- **Cs**

परमाणु संख्या (Atomic no.) -55

परमाणु भार (A. weight) -132.90

समूह (group)-1

आवर्त (period)-6

ब्लाक (block)-s

संयोजकता (valancy)-1

समस्थानिक (isotope)-1

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -$[Xe]6s^1$



खोज

1860, राबर्ट बन्सन,गूस्ताव किरचॉफ

भौतिक गुण

नरम, चांदी सुनहरा, दुर्लभ,तरल क्षार धातु

रासायनिक गुण

अत्यधिक प्रतिक्रियाशील, जल हवा से अत्यधिक प्रतिक्रियाशील

उपयोग

आप्टिकल ग्लास, परमाणु बड़ी, वैक्यूम ट्यूब, चिकित्सा, उत्प्रेरक

Anu priya

बिहार दिवस विशेष

07 मार्च

आइए, अपने बिहार को जाने !

01 मार्च से 22 मार्च

नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री

बिहार

आरिफ़ मोहम्मद ख़ान
बिहार के राज्यपाल

13. बौद्ध धर्म और जैन धर्म की शुरुआत बिहार में ही हुई थी।

14. बिहार में स्थित नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया का सबसे पुराना विश्वविद्यालय था।

15. महात्मा गांधी ने आजादी की लड़ाई की शुरुआत बिहार के चंपारण से की थी, जिसे चंपारण आंदोलन के नाम से जाना जाता है।

राकेश कुमार

वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

आंधी आने से पहले हवा शान्त हो जाती है, क्यों?

ताप के कारण स्थान विशेष की हवा फैलकर अगर बगल के स्थानों में चली जाती है। ऐसा होने से वायुमंडल में एक रिक्ति पैदा होती है। इस कारण यहां की हवा शान्त मालूम पड़ती है, लेकिन उस स्थान को भरने के लिए चारों तरफ की हवा दोड़ पड़ती है, जिस कारण आंधी आ जाती है।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

Teachers of Bihar
The Change Makers

शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 07.03.2025

अंतर्निहित रूप

भाषा विज्ञान के क्षेत्र में स्वर विज्ञान के साथ-साथ आकृति विज्ञान के कुछ मॉडलों में, किसी शब्द या रूपिम का अंतर्निहित प्रतिनिधित्व (यूआर) या अंतर्निहित रूप (यूएफ) वह अमूर्त रूप होता है जिसे किसी शब्द या रूपिम के लिए किसी भी ध्वन्यात्मक नियम को लागू करने से पहले माना जाता है।

वनडे में चेज करते हुए सबसे ज्यादा रन

8720
मैच: 236

सचिन तेंदुलकर

8063
मैच: 166

विराट कोहली

6115
मैच: 155

रोहित शर्मा

हेल्पलाइन नंबर :
1930

CYBERमंत्र

साईबर शिक्षा से साईबर सुरक्षा



कंप्यूटर फ़ायरवॉल को हमेशा चालू रखें।

Madhu priya

शिकायत हेतु :
https://cybercrime.gov.in

विद्यालयी प्रणाली हेतु दिशानिर्देश:
https://ciet.nic.in/pages.php?id=booklet-on-cyber-safetysecurity&ln=en&ln=en

केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान
Central Institute of Educational Technology

www.teachersofbihar.org

रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



ToB Photo of the day

उ० म०वि ०गोथरा, ठाकुरगंज, किशनगंज

प्रा० वि०आदिवासी टोला मधुरा, फारबिसगंज, अररिया

प्रा०वि०शुभटोला,किसनदासपुर, कहलगांव

न०प्रा० वि०कमरदंगी, ठाकुरगंज, किशनगंज

संकलनकर्ता- पुष्पा प्रसाद

जयंती पर नमन।



7 मार्च 1911 - 4 अप्रैल 1987

सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

★★★★★